अनुक्रमांक ....

२०२३-२०२४

उत्तरमध्यमा (भोट ज्योतिष) प्रवेश परीक्षा

विषय- हिन्दी, पत्र- द्वितीय

समयः ३ घण्टे **सम्पूर्णाङ्क –१००**

व्याकरण - खण्ड

प्र.-1. क. भाषा से आप क्या समझते हैं? हिंदी भाषा की विशेषताओं को लिखिए। 4

ख. लिपि किसे कहते हैं? देवनागरी लिपि की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 4

प्र.-2. क. स्वर एवं व्यंजन में क्या अंतर होता है? उदाहरण सहित लिखिए। 2

ख. संयुक्त व्यंजन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

ग. स्पर्श व्यंजन किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। 2

प्र.-3. क. विराम चिह्न किसे कहते हैं? हिंदी में प्रयोग किए जाने वाले विराम चिह्नों को लिखिए। 3

ख. निम्न शब्दों में से किन्हीं चार को शुद्ध रूप में लिखिए- 4

पठाशाला, कवी, अध्यन, स्कुल, विश्वाविद्यालया, आजदी।

ग. निम्नलिखित वाक्यों में यथास्थान विरामचिह्नों का प्रयोग कीजिए- 3

क्या तुम आ गए ओह कितना सुन्दर मौसम है आओ जल्दी करो हम तुम्हारी ही प्रतीक्षा कर रहे थे तुमने जो कल किताब लाया था वह कहाँ है।

प्र.-4. क. संज्ञा और सर्वनाम में क्या अंतर होता है? उदाहरण सहित लिखिए। 5

ख. क्रिया और विशेषण में अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 5

ग. निम्न शब्दों में किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- 3

आकाश, माता, कमल, आकाश, जल, रात।

घ. निम्न शब्दों में किन्हीं तीन शब्दों का विलोम शब्द लिखिए- 3

दिन, आजाद, माता, मनुष्यता, अपमान।

प्र.-5. क. संधि और समास में क्या अंतर होता है? उदाहरण सहित लिखिए। 5

ख. उपसर्ग और प्रत्यय में अंतर को उदाहरण के साथ समझाइए। 5

ग. निम्न शब्दों का संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए- 3

विद्यालय, महात्मा, नयन।

घ. निम्न शब्दों में उपसर्ग और प्रत्यय को अलग-अलग लिखिए- 3

विज्ञान, उपकार, मिठाई।

प्र.-6. क. वाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

ख. शब्द और पद में क्या अंतर होता है? उदाहरण के साथ समझाइए। 2

ग. निम्न वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए- 5

i. मैंने आज वाराणसी जाना है।

ii. बच्चे मैदान पर खेलते हैं।

iii. सीमा चम्मच में खाती है।

iv. मैं खाना पीना नहीं चाहता हूँ।

v. वह गरम गाय का दूध पीता है।

घ. निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए- 5

नौ-दो ग्यारह होना, नाक का बाल होना, अंधे की लाठी होना, मुँह फुलाना, अपना उल्लू सीधा करना।

रचना - खण्ड

प्र.-7. क. निम्नलिखित गद्यांश का सारांश लिखकर उचित शीर्षक लिखिए- 5

"सच्चा मित्र शिक्षक के समान होता है। वह हमेशा अच्छे बुरे क पहचान करवाकर सन्मार्ग की ओर प्रेरित करता है। जिस प्रकार शिक्षक हमें सही राह दिखाते हैं, उसी प्रकार मित्र हमें बुरे मार्ग पर जाने से रोकते हैं। अच्छे मित्र में चिकित्सक तथा माँ-सा धैर्य तथा सुधार शक्ति होती है। हमारे लाभ-हानि, यश-अपयश के बारे में जो विचार करता है वही हमारा सच्चा मित्र है।"

ख. प्रस्तुत गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 5

"मनुष्य की सच्चाई उसे साहसी बनाती है। सच्चा मनुष्य जीवन की किसी स्थिति का सामना करने से नहीं डरता। वह किसी भी भय से भयभीत नहीं होता। साहस का जीवन ही महान व सफल जीवन है। साहस का सीधा संबंध सच्चाई, ईमानदारी, परोपकार आदि गुणों से है। साहसी व्यक्ति यह चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले उसके बारे में क्या सोचते हैं? जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला मनुष्य दुनिया की सबसे बड़ी ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। आस-पड़ोस को

देखकर चलना साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले अपने उद्देश्य की तुलना किसी नहीं करते। वे अपनी मंजिल तथा रास्ते स्वयं निर्धारित करते हैं, इसीलिए सफलता उनके चरण चूमती है।"

i. साहस कब आता है?

ii. साहस का सीधा संबंध किससे है?

iii. सफलता किसके चरण चूमती है?

iv. साधारण जीव का क्या काम है?

v. क्रांति करने वाले मनुष्य के क्या लक्षण होते हैं?

ग. निम्नलिखित सूक्त वाक्यों में से किन्हीं दो का भाव-पल्लवन कीजिए- 5

i. कर्म ही पूजा है।

ii. असफलता ही सफलता का आधार है।

iii. परिश्रम ही सफलता का मन्त्र है।

iv. वही मनुष्य है जो मनुष्य के लिए मरे।

प्र.-8. अपने शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर पुलिस अधीक्षक महोदय को एक पत्र लिखिए। 7

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिवस पर बधाई देने हेतु एक पत्र लिखिए।

प्र.-9. निम्न में से किसी एक पर निबंध लिखिए- 7

i. शिक्षा आगे बढ़ने का हथियार है।

ii. स्वच्छ भारत अभियान।

iii. विज्ञान अभिशाप भी वरदान भी।

iv. समय का महत्व।

****